No. of Printed Pages : 8 **MEC–205**

# M. A. (ECONOMICS)

# (MEC)

## Term-End Examination

## December, 2024

## MEC–205 : INDIAN ECONOMIC POLICIES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt questions from each Section as per instructions given.*

### Section—A

***Note*** : *Attempt any **two** questions from this Section in about **700** words each.* 2×20=40

1. (a) What is disinvestment ? What is the difference between privatization and disinvestment ? What conditions are needed for making disinvestment policy a success ?

(b) What policy is being followed by the government of India regarding PPP ? How has India benefited from PPP collaboration ? Give concrete examples.

2. (a) What is Finance Commission ? How is it different from NITI Aayog and GST Council ?

(b) "The question of centre-state relations has become the focal point of discussion for a number of reasons." Comment on this statement and point out the reasons for conflict between centre and states.

3. Describe various types of foreign capital. Also state how foreign capital contributes to economic growth. Discuss important reforms introduced to attract FDI in India.

4. State the institutional structure as provided in the Constitution of India towards good governance. State the major oversight/ watchdog institutions with their roles.

## Section—B

***Note*** *: Attempt any* ***five*** *questions from this Section in about* ***400*** *words each.* 5×12=60

5. Explain the concept of malnutrition. Why is it important to treat it on high priority basis ? Suggest measures.

6. What is external debt ? Explain in brief the magnitude and characteristics of India's external debt.

7. "Indian manufacturing suffers from weak competitiveness." Why is it so ? Suggest policy measures to improve it.

8. Discuss steps taken by the government in the direction of improving agricultural marketing system in India since independence.

9. "The policy framework to help the MSME sector grow and develop has not been adequate enough." Comment on the statement with suitable examples.

10. What are the major issues related to biodiversity and forestry that India must address in keeping with its current needs and future objectives ?

11. Indian economy has undergone fundamental and structural changes over the last four decades. Describe these changes.

12. Write notes on any *two* of the following :

    (a) Drain of wealth during the British period

    (b) Foreign exchange reserves

    (c) Repo rate

    (d) MSP

# MEC–205

## एम. ए. ( अर्थाशास्त्र )

## ( एम. ई. सी. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2024

## एम.ई.सी.–205 : भारतीय आर्थिक नीतियाँ

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड में से प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।*

### खण्ड—अ

***नोट :*** *इस खण्ड में से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग* ***700*** *शब्दों में दीजिए।* 2×20=40

1. (अ) विनिवेश क्या है ? निजीकरण और विनिवेश में क्या अंतर है ? विनिवेश नीति को सफल बनाने के लिए क्या शर्तें आवश्यक हैं ?

   (ब) पी.पी.पी. (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) के संदर्भ में भारत सरकार क्या नीतियाँ अपना रही है ? पी.पी.पी. सहयोग से भारत को कैसे लाभ हुआ है ? ठोस उदाहरण दीजिए।

2. (अ) वित्त आयोग क्या है ? यह नीति आयोग और वस्तु एवं सेवा कर परिषद् से कैसे भिन्न है ?

(ब) "केन्द्र-राज्य सम्बन्धों का प्रश्न कई कारणों से चर्चा का केन्द्रबिन्दु बन गया है।" इस कथन पर टिप्पणी कीजिए और केन्द्र तथा राज्यों के बीच विवाद के कारणों को बताइए।

3. विदेशी पूँजी के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। यह भी बताइए कि विदेशी पूँजी आर्थिक संवृद्धि में किस प्रकार योगदान देती है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का वर्णन कीजिए।

4. सुशासन की दिशा में भारत के संविधान में प्रदान की गई संस्थागत संरचना का वर्णन कीजिए। प्रमुख निरीक्षण प्रहरी संस्थानों को उनकी भूमिकाओं के साथ बताइए।

## खण्ड—ब

***नोट :*** *इस खण्ड में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के (प्रत्येक) उत्तर लगभग* ***400*** *शब्दों में दीजिए।* 5×12=60

5. कुपोषण की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। उच्च प्राथमिकता के आधार पर इसके साथ बर्ताव करना महत्वपूर्ण क्यों है ? उपाय सुझाइए।

6. विदेशी ऋण क्या है ? भारत के विदेशी ऋण के परिमाण एवं विशेषताओं को संक्षेप में समझाइए।

7. "भारतीय विनिर्माण क्षेत्र निर्बल प्रतिस्पर्धात्मकता से ग्रस्त है।" ऐसा क्यों है ? इसके सुधार के लिए नीतिगत उपाय सुझाइए।

8. स्वतंत्रता के बाद से भारत में कृषि विपणन प्रणाली में सुधार की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा कीजिए।

9. "एम. एस. एम. ई. क्षेत्र के बढ़ने और विकसित करने में मदद के लिए नीतिगत ढाँचा पर्याप्त नहीं है।" इस कथन पर उपयुक्त उदाहरणों सहित टिप्पणी कीजिए।

10. जैवविविधता और वानिकी से सम्बन्धित प्रमुख मुद्दे क्या हैं, जिन्हें भारत को अपनी वर्तमान जरूरतों और भविष्य के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सम्बोधित करना चाहिए ?

11. पिछले चार दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्थाओं में मूलभूत और संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। इन परिवर्तनों का वर्णन कीजिए।

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) ब्रिटिश काल में धन का निकास

(ब) विदेशी विनिमय भण्डार

(स) रेपो दर

(द) एम. एस. पी. (न्यूनतम समर्थन कीमत)

× × × × × × ×